शुक्रवार 14 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



आरा में जमीन के विवाद में बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या 2






## विरोध मार्च के दौरान लाठीचार्ज: पुलिस की पिटाई से जहानाबाद नगर भाजपा के महामंत्री की मौत

# पटना में भाजपा नेताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल भी घायल
- प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस के गोलों का भी इस्तेमाल







**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में हंगामे के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे बीजेपी नेताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पटना के डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने आम से लेकर खास तक जो मिला उसे ही दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पुलिस ने बुजुर्ग और महिला नेताओं को भी नहीं बख्शा। लाठीचार्ज में जहानाबाद नगर में बीजेपी के महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को प्रदर्शन स्थल से हटाने और विधानसभा के घेराव से रोकने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस के गोलों का भी इस्तेमाल किया।

झड़प के दौरान पुलिस ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी लाठी से पीटा और धक्का दिया। इसमें वह घायल हो गए। उनके सिर और चेहरे पर चोट आई है। जनार्दन सिंह सिग्रीवाल आईजीआईएमएस में एडमिट हैं। उनका सीटी स्कैन हुआ है। ब्रेन नॉर्मल है। सांसद को वाई प्लस सुरक्षा मिली हुई है। पिटाई के समय उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे।

पटना में बीजेपी के इस मार्च में बिहार बीजेपी के कई बड़े नेता भी शामिल हुए। बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। इसी दौरान पहले पुलिस ने बीजेपी के नेताओं और कार्यकताओं को रोका और थोड़ी देर बाद पुलिस ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया।

**विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरी बीजेपी:** बीजेपी बिहार में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलने में हो रही देरी से लेकर राज्य में चल रहे भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों को लेकर गुरुवार को मार्च कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठियां भांजना शुरू कर दिया।

**सांसदों और विधायकों ने भी लिया हिस्सा:** मार्च में राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा, बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी और कई विधायक भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को बिहार के बीजेपी के नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार की दमनकारी नीति का उदाहरण बताया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि अब पार्टी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से हिसाब लेगी। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने ट्वीट करके बिहार सरकार पर हमला किया. उन्होंने कहा कि, सत्ता के अहंकार में चूर मुख्यमंत्री जी की पुलिस ने बिहारियों के हक और अधिकार के लिए लड़ रहे भाजपा के निहत्थे कार्यकर्ता की जान ले ली। यह बिहार में अघोषित आपातकाल नहीं है तो और क्या है?

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं पर पटना में हुआ लाठीचार्ज राज्य सरकार की विफलता और बौखलाहट का नतीजा है। महागठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के किले को बचाने के लिए लोकतंत्र पर हमला कर रही है।जिस व्यक्ति पर चार्जशीट हुई है, उसको बचाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री अपनी नैतिकता तक भूल गये हैं। वहीं सुशील मोदी ने कहा कि पटना पुलिस लाठीचार्ज के बाद भी नहीं रुकी, भाजपा नेताओं को गिरफ्तार भी कर लिया। वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हम इन गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं है। हम बिहार की बेहतरी के लिए लड़ते रहेंगे। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। भाजपा के आंदोलन से बिहार सरकार डर गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मार्च के दौरान घायल कार्यकताओं से अस्पताल में जाकर मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के जहानाबाद के कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह की मौत पर गहरा दुख जताया।

## समस्तीपुर में भारी मात्रा में बम बरामद, संदिग्धों की पहचान नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

समस्तीपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुरलख आसिनपुर पानी टंकी के नीचे बंद पड़े एक कमरे से बुधवार की रात पुलिस ने बम और बम बनाने वाले सामान को बरामद किया है। हालांकि पुलिस की छापेमारी से पहले ही बम बना रहे सभी बदमाश भागने में कामयाब रहे। कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की आशंका जताते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस ने देर रात छापेमारी की जहां से बम और बम बनाने वाले सामान को जब्त किया। कई टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। पानी टंकी के नीचे बने एक कमरे के अंदर से भारी मात्रा में बनाए गए बम को रखा गया था। मौके से काफी मात्रा में बारूद, सूतली और बम बनाने के उपयोग में किए जाने वाले अन्य सामग्रियां मिली हैं। मौके से कितना बम बरामद हुआ है इसका खुलासा पुलिस की ओर से अभी तक नहीं किया गया है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच करते हुए इसमें शामिल संदिग्ध अपराधियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस इसमें शामिल संदिग्धों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस की ओर से दावा किया जा रहा है कि शीघ्र ही इस मामले में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## दिल्ली में बाढ़ के हालात, सभी स्कूल-कॉलेज बंद बाहर से आने वाले भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भारी बारिश के चलते यमुना में आए उफान ने दिल्ली को बेहाल कर दिया है। यमुना ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया और लगातार नदी में पानी का बढ़ना जारी है। दिल्ली में बाढ़ से निपटने के लिए गुरुवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक हुई। इस बैठक में दिल्ली के सभी स्कूलों और कॉलेज को रविवार तक बंद करने का फैसला लिया गया है। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीडीएमए की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया, दिल्ली के सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी रविवार तक बंद किए गए हैं। आवश्यक सेवा देने वाले सभी सरकारी दफ्तर को छोड़कर बाकी सभी सरकारी दफ्तर रविवार तक वर्क फ्रॉम होम पर चलेंगे। प्राइवेट दफ्तर को भी रविवार तक वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है। दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक में ये फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। इस बीच दिल्ली में बाहर से आने वाले भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए एहतियात के तौर पर सिंघू बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, लोनी बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर से माल ढुलाई करने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर नहीं जाएंगी बसें:** हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड से आने वाली अंतरराज्यीय बसें आईएसबीटी कश्मीरी गेट न जाकर सिंघू बॉर्डर पर ही रुक जाएंगी। हालांकि, आवश्यक सेवाओं जैसे खाद्य पदार्थ और पेट्रोलियम उत्पादों को लाने वाले वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं है।




### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## नौकरियों में भेदभाव किया जाना सबसे बड़ा पाप: सीएम योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने नागरिकों के साथ शासन की योजनाओं को नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप है, जो सरकारें प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से रोकतीं थीं जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। हमारी सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि चयन की प्रक्रिया से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक किसी भी अभ्यर्थी के साथ भेदभाव न होने पाए। विगत छह वर्ष में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने में हम सफल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है।



उन्होंने कहा कि चुनौती से जो घबरा जाता है वह कुछ नहीं प्राप्त कर पाता। अगर चुनौती आपके सामने है तो इसका मतलब है कि आपके लिए कुछ नए अवसर आने वाले हैं। सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2021 से 2023 के बीच में डेढ़ वर्ष के अंदर हमारी सरकार 21 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम संपन्न करा चुकी है। इसके तहत लगभग 55,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। सीएम योगी ने वर्तमान सरकार की कार्यशैली के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश भर से जुड़ी हुई समस्याएं किसी ना किसी रूप में आपके पास आएंगी। हमारा प्रयास होना चाहिए एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से ज्यादा थी। विगत छह वर्ष में हमारी सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही है। दो करोड़ से अधिक युवाओं को हम लोगों ने स्वरोजगार के साथ जोड़ने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा आयोग बनाने जा रहे हैं। इसके तहत उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा चयन आयोग की प्रक्रिया को जोड़ देंगे।

## खबरें फटाफट

### महिलाओं को कानूनी रूप से सशक्त बनाना है: जिला जज

**जहानाबाद।** जहानाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने एवं सशक्तिकरण करने की पहल जागरूकता के माध्यम से होनी चाहिए। आज भी कानूनी जानकारी के अभाव में पीड़ित महिलाएं कानून का लाभ उठाने से वंचित रह जाती हैं। समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व,कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। विवादों का प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए लोक अदालतों और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को उपयोग कर मजबूत बनाकर इसे सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है।

### नारायणपुर गांव की घटना: तीन कट्ठा जमीन को लेकर चल रहा था विवाद, दो गिरफ्तार

# जमीन विवाद में बुजुर्ग किसान की हत्या

- दरवाजे पर चढ़कर पट्टीदारों ने लाठी-डंडों से की किसान की जमकर पिटाई
- बीच-बचाव करने पहुंची किसान की भाभी, भतीजों समेत घर के पांच सदस्यों को भी पीटा

**केटी न्यूज/आरा**





भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में गुरुवार की सुबह महज तीन कट्ठा जमीन के विवाद में एक बुजुर्ग किसान की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। दरवाजे पर चढ़कर पट्टीदारों द्वारा लाठी-डंडों से किसान की जमकर पिटाई कर दी गयी। वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे उनकी भाभी और भतीजों सहित घर के पांच अन्य सदस्यों की भी पिटाई कर दी गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में किसान की मौत हो गयी। अन्य का इलाज चल रहा है। मृतक नारायणपुर गांव निवासी 60 वर्षीया पुत्र बहादुर यादव थे। घायलों में उनकी भाभी चांद ज्योति देवी, भतीजे जगा यादव, ओम प्रकाश यादव, बहू राजकुमारी देवी और रीता देवी है शामिल है। इनमें ओमप्रकाश यादव को काफी गंभीर चोट लगी है। मारपीट और हत्या का आरोप पट्टीदारों पर लगाया गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें हरेंद्र सिंह और शंकर सिंह हैं। दोनों उसी गांव के रहने वाले हैं। इधर, आरा सदर अस्पताल पहुंची नारायणपुर थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट की गयी थी। उसमें बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गयी। त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

**जमीन पर दावे को लेकर पहले की गयी गाली-गलौज, फिर मारपीट:** किसान के भतीजे ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सभी पट्टीदारों के बीच जमीन का बराबर का बंटवारा हो चुका है। सभी को हिस्से में तीन कट्ठा जमीन मिला है। लेकिन पाटीदारों शंकर यादव द्वारा उनकी जमीन पर अपना दावा किया जा रहा है। उसी बात को लेकर गुरुवार की सुबह पट्टीदारों की उनके चाचा बहादुर यादव से कहासुनी हुई थी। तब बात खत्म हो गई थी। उसके बाद वह भैंस चराने के लिए चला गया और उसके चाचा बहादुर यादव मकई का खेत बोने जा रहे थे। तभी शंकर यादव, सरजू यादव, राजू यादव, भोला यादव सहित अन्य लोग दरवाजे पहुंच गये और उनके चाचा की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की जाने लगी। चाचा को पिटता देख वह बचाने पहुंचा, तो उसके साथ भी मारपीट की जाने लगी। बीच-बचाव करने के दौरान उसकी मां चांद ज्योति देवी,भाई जगा यादव व भाभी रीता देवी और राजकुमारी देवी की भी पिटाई कर दी गयी।? उसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसके बहादुर यादव की मौत हो गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार अपने पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों एवं घायलों मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली।

## सैनिक व उसकी मां से मारपीट में एएसआई सहित दो जवान सस्पेंड

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के कोईलवर के गीधा बाजार स्थित एसबीआई की शाखा में बुधवार को सैनिक प्रकाश कुमार और उसकी मां के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा की गयी मारपीट के मामले में बड़ी कार्रवाई की गयी है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी द्वारा एएसआई समेत दो पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। उनमें गीधा ओपी के एएसआई अखिलेश तिवारी और एक सिपाही शामिल है। मारपीट की घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के बाग मझौंवा गांव निवासी फौजी प्रकाश कुमार और उनकी मां के साथ हुई है। प्रकाश कुमार सिलिगुड़ी में इएमई कोर में टेक्निशियन के पद पर तैनात हैं। इधर, इस मामले में एसएसबी जवान की मां देवांती देवी की ओर से गीधा ओपी में शिकायत भी दर्ज करा दी गयी है। उस आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताते चलें दें कि बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें बैंक में कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा एक महिला और उसके बेटे की पिटाई करते देखा जा रहा था।

जानकारी के अनुसार प्रकाश कुमार ने बुधवार को अपनी मां के साथ ज्वांइट खाता खोलने को लेकर एसबीआई की गीधा चौक शाखा गए थे। वह बैंक अफसरों के कहने पर फॉर्म भर रहे थे। तभी रुटीन चेकिंग के सिलसिले में गीधा ओपी के कुछ पुलिसकर्मी बैंक पहुंचे। उस दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा बिना पूछे उसका पासबुक ले लिया गया। एतराज जताने पर जवान उससे उलझ गए। गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी गयी।

## दो बाइक के बीच टक्कर में 10वीं के छात्र की मौत

- नारायणपुर थाना क्षेत्र के जमुनी टोला के समीप की घटना
- भाई का बर्थडे मना दोस्त के साथ लौटने के दौरान हादसा
- एक गंभीर हालत में पटना रेफर दो का आरा में चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के जमुनी टोला गांव के समीप गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे में दसवीं के एक छात्र की मौत हो गयी। भाई का बर्थडे मनाकर दोस्त के साथ घर लौटने के दौरान उसकी बाइक की दूसरी मोटर साइकिल से जोरदार टक्कर हो गयी। उसमें उसकी की मौत हो गयी, जबकि दोस्त सहित तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनमें एक की हालत चिंताजनक बनी है। उसे पटना रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के डिलियां गांव निवासी प्रहलाद सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आदित्य राज उर्फ गोलू था। घायलों में उसी गांव का रहने वाला 18 वर्षीय दीपक कुमार जबकि दूसरी बाइक सवार नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी 45 वर्षीय विभूति राम और राजीव पांडेय का 17 वर्षीय पुत्र शिवेश कुमार शामिल है। छात्र के भाई प्रेम राज ने बताया कि वह गांव के दीपक कुमार के साथ आरा में ही किराए का मकान लेकर पढ़ाई करता है। बुधवार को उसका जन्मदिन था। उसे लेकर उसका भाई आदित्य राज उर्फ गोलू बुधवार को आरा आया था। जन्मदिन मनाने के बाद गुरुवार की दोपहर वह साथ दीपक कुमार के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार शिवेश कुमार गांव के विभूति राम के साथ बाइक से टीवी बनवाने के लिए नारायणपुर बाजार आ रहा था। तभी जमुनी टोला के समीप दोनों की बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। उसमें एक बाइक पर सवार उसके भाई आदित्य राज उर्फ गोलू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दोस्त दीपक कुमार एवं दूसरी बाइक पर सवार विभूति राम व शिवेश कुमार जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दीपक कुमार की हालत देखते हुए डाक्टरों द्वारा पटना रेफर कर दिया गया। बाद में पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जाता है कि छात्र आदित्य राज उर्फ गोलू अपने चार भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लालसा देवी, भाई चंद्र प्रकाश राज, अंशुल राज और प्रेम राज है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### अरवल के विकास के लिए सशक्त स्थाई समिति ने की बैठक, विभिन्न एजेंडों पर लगी मुहर

**अरवल।** अरवल नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए गुरुवार को नगर परिषद अध्यक्ष साधना कुमारी की अध्यक्षता में सशक्त स्थाई समिति की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष साधना कुमारी एवं सशक्त स्थाई समिति ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की। इसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नल-जल की रिपेयरिंग के लिए पांच सदस्यीय पांच टीम का गठन कर जल्द से जल्द मरम्मती का कार्य कराने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक टीम में 1 इलेक्ट्रीशियन, 1 प्लंबर मिस्त्री,1 राज मिस्त्री एवं 2 मजदूर सामिल रहेंगे। अध्यक्ष साधना कुमारी ने नगर क्षेत्र के नाला, नालियां की 10-10 मजदूरों का टीम बना कर उड़ाही करवाए जाने का प्रस्ताव लिया गया। नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्डो में घर से डोर टू डोर कचरा उठाव करते हुए निष्पादन हेतु हैंडट्रॉली, डस्टबिन कार्य करने का निर्णय लिया गया। नगर क्षेत्र के प्रमुख भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सामूहिक शौचालय बनाने का निर्णय लिया गया। वार्ड संख्या 23 पोखर निर्माण कराने, नगर के लगभग सभी वार्डों से 75 कुआं का जीर्णोद्धार करते हुए सौंदर्यीकरण कराने का प्रस्ताव लिया गया। बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष साधना कुमारी, उपाध्यक्ष जमीला खातून, कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पूरी, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य रवि रंजन कुमार, नेहा प्रवीण, कमला देवी एवं अन्य शामिल रहे।

### सांसद की पहल पर मॉडल स्टेशन बनेगा जहानाबाद, बढ़ेंगी यात्री सुविधाएं

**जहानाबाद।** जहानाबाद रेलवे स्टेशन अब मॉडल होगा इसके लिए सांसद द्वारा कई स्तर पर पहल की जा रही है। इस बात की जानकारी देते हुए पूर्व मध्य रेल मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य व जदयू के पूर्व प्रदेश सचिव जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी ने बताया कि सबसे पहले बुनियादी समस्याओं को दूर करने के दिशा में पहल की जा रही है। फरवरी 2024 तक जहानाबाद मॉडल स्टेशन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जहानाबाद स्टेशन पूरी तरह से चकाचक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा लगातार जन समस्याओं को उजागर करते हुए संबंधित मंत्रालय से निदान की मांग की जा रही है। सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जहानाबाद स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर भी अडिग है। उन्होंने कहा कि जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर सभी लंबी दूरी के ट्रेन का ठहराव है लेकिन प्लेटफॉर्म पर कोच इंडिकेट नहीं रहने के कारण यात्रीयों को परेशानी होता है। उन्होंने कहा बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस पहले राजगीर से सारनाथ तक जाता था। उसके बाद उसे सारनाथ से घटा कर वाराणसी तक किया गया। पिछले चार माह बंद रहने के बाद फिर इसका परिचालन शुरू हुआ। लेकिन बनारस की बजाय मुगलसराय तक ही परिचालन कर दिया गया। उन्होंने वंदे भारत का ठहराव जहानाबाद में किया जाने की मांग प्रमुखता से रखा। इससे 50 किलोमीटर के दायरे में लोगों को फायद पहुंचेगा।

### भाजपा कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**जहानाबाद।** पटना में प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव जहानाबाद के कल्पा में पहुंची तो परिजनों ने दहाड़ मारकर रोना शुरू कर दिया। पूरी गांव का माहौल गमगीन हो गया। मां-बहन और उनके परिजन सहित सभी लोग दहाड़ मार कर रोने लगे। विजय कुमार सिंह के पिता श्रीराम सिंह हाई स्कूल दाउदपुर से रिटायर्ड क्लर्क हैं। उनकी मां स्व दुलेश्वरी देवी का कुछ साल पहले देहांत हो गया था। विजय सिंह की पत्नी पुष्पा देवी की स्थिति नाजुक बनी हुई। विजय सिंह की तीन बेटियां और एक बेटा भोला शंकर है। विजय सिंह के राजनीतिक जीवन की शुरुआत भाजपा में पंचायत अध्यक्ष के रूप में की थी। 2003 में वह भाजपा के जहानाबाद प्रखंड के कल्पा के पंचायत अध्यक्ष बने। 2019 में विजय सिंह भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बने। 2022 में भाजपा के जिला के महामंत्री बने।






## पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश व बादल फटने से बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर

# बाढ़ के खतरे को देख प्रशासन अलर्ट डीएम ने दियारा क्षेत्रों का किया दौरा

◆ गंगौली में अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की समीक्षा, दिए निर्देश

**केटी न्यूज/सिमरी**

पहाड़ी इलाकों तथा देश के पश्चिमी व उत्तरी हिस्सें में लगातार हो रही बारिश तथा बादल फटने की घटना से नदियों का जलस्तर बढ़ गया हैं। गंगा की सहायक नदियों में बाढ़ आ गई है। गंगा का जल स्तर भी बढ़ रहा हैं। संभावित बाढ़ के खतरें को देखते हुए बक्सर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया हैं। गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर अंचल के दियारा इलाके का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंन तटबंध की मजबूती परखने के साथ ही बाढ़ से ग्रसित होने वाले तटवर्ती इलाकें के गांवों में स्थानीय प्रशासन द्वारा बाढ़ पूर्व की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा गंगौली मध्य विद्यालय में अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जन प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए तथा जो सुझाव अच्छे लगे उस पर तत्काल अमल करने का निर्देश अपने मातहतों को दिया। डीएम द्वारा डुमरांव अनुमंडल के संभावित बाढ़ प्रभावित होने वाले जवही दियर, रामदास राय का डेरा, नियाजीपुर बांध, लाल सिंह के डेरा, बेनीलाल के डेरा, श्रीकांत के डेरा सहित कई अन्य गांवों का भ्रमण किया गया। बैठक में उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी आपदा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक, चिकित्सक, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, सिमरी व चक्की के बीडीओ तथा सीओ को निर्देश दिया कि बाढ़ से पूर्व पशु चारा, पेयजल, दवा, गोताखोर, कम्युनिटी हॉल, पर्याप्त संख्या में नौका एवं अस्थायी आश्रय स्थल से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां यथाशीघ्र करते हुए इसका रिपोर्ट देने को कहा।



**इस बार बनी हुई है बाढ़ की आशंका**

बता दें कि इस गंगा में बाढ़ आने की आशंका बनी हुई है। जानकारों की मानें तो पहाड़ों पर भारी बारिश तथा बादल फटने के बाद गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। वहीं देश के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हो रही है। दिल्ली में बारिश के कारण यमुना नदी खतरें के निशान से उपर बह रही हैं। यमुना गंगा की प्रमुख सहायक नदी हैं। इसका पानी भी प्रयागराज के पास गंगा में मिलता हैं। वही उतराखंड से यहां तक कई छोटी बड़ी नदियां गंगा में समाहित होती है, जो बरसात के शुरूआत से ही लबालब हो गई है। जिस कारण गंगा में बाढ़ आने का खतरा बना हुआ है। यही कारण है कि जिला प्रशासन इस बार समय रहते तैयारियों में जुट गया है।

**बाढ़ से प्रभावित होते हैं तीन प्रखंडों के दर्जनों गांव:** बता दें कि डुमरांव अनुमंडल के सिमरी, चक्की तथा ब्रह्मपुर प्रखंडों के गंगा के तटीय इलाकों में स्थित दर्जनों गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। सिमरी प्रखंड के केशोपुर से लेकर गंगौली तक, चक्की प्रखंड के चक्की, जवही दियर तथा ब्रह्मपुर का नैनीजोर व महुआर पंचायत बाढ़ से सीधे प्रभावित होता है। इनमें नैनीजोर का ढाबी गांव, सिमरी का श्रीकांत का डेरा, तथा केशोपुर में स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। यही कारण है कि इस बार जिला प्रशासन समय रहते तैयारियों को परख रहा है।

## खबरें फटाफट

### बसांव कला गांव में आपसी विवाद में जमकर मारपीट

**नावानगर।** सिकरौल थाना के बसांव कला गांव में आपसी विवाद में एक ही समुदाय के दो पक्ष आपस में उलझ गए। कहासुनी से शुरू हुई विवाद मारपीट में बदल गई। इस दौरान एक दूसरे पर जमकर लाठियां चलाई गई। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। जख्मियों का इलाज नावानगर सीएचसी तथा सदर अस्पताल बक्सर में कराया गया। इस संबंध में दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के मु. वकील सिद्दीकी ने 12 लोगों को नामजद किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मु. ओखतार ने कुल 17 लोगों पर मारपीट करने का एफआईआर दर्ज कराया है।

### डुमरांव में घर की खिड़की तोड़ लाखों के गहने की चोरी

**डुमरांव।** डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप सुप्रभात कॉलोनी में एक घर की खिड़की तोड़ लाखों रुपये का आभूषण व नगद रुपये चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मकान मालिक योगेंद्र यादव ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद कॉलोनीवासियों के बीच भय बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि सभी परिवार रात्रि पहर सो रहे थे, इसी दौरान मकान के पश्चिम-दक्षिण छोर पर बने खिड़की को चोरों का दल तोड़कर कमरे में प्रवेश कर गया और घर में रखे लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण के अलावे हजारों रुपये नगद की चोरी कर चंपत हो गये। सुबह में सामानों को बिखरा देख परिजनों में अफरा-तफरी मच गयी।

## एक नजर

### मझवार के पास अवैध तरीके से हो रहा है सफेद बालू का खनन, प्रशासन मौन



**डुमरांव।** भोजपुर सिमरी पथ स्थित मझवारी गांव के सामने सड़क किनारे जिला परिषद की जमीन पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा हैं। जिससे सरकार को बड़े राजस्व की क्षति पहुंचने के साथ ही भोजपुर सिमरी पथ पर भी खतरा बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि भू माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर न सिर्फ सफेद बालू का खनन किया जा रहा हैं बल्कि बिक्री करने के लिए मझवारी पशु मेला के पास स्टाक भी किया गया है। जहां से चोरी छिप्पे बालू की बिक्री की जा रही हैं। ग्रामीणों की मानें तो इसकी शिकायत जिला परिषद कार्यालय से की गई हैं। बावजूद अबतक कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ हैं। बता दें कि इसके पहले दियारा क्षेत्र में भी सफेद बालू के अवैध खनन की बात सामने आई थी। वही मझवारी के पास भी पिछले कई महीनों से माफियाओं द्वारा जेसीबी के सहारे बालू की कटाई करवाई जा रही है। जिससे कभी भी सिमरी भोजपुर पथ ध्वस्त हो सकता हैं। इस संबंध में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि उन्हें अभी तक इसकी शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्कार्पियों में तहखाना बना हो रही थी शराब की तस्करी, भारी मात्रा में शराब बरामद

**चौगाई।** मुरार पुलिस ने बुधवार की रात थाना क्षेत्र के चौगाईं गांव से शराब से लदी एक स्कार्पियों जब्त किया हैं। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही तस्कर बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर फरार हो चुके थे। पुलिस ने स्कार्पियों के सीट, डिक्की, इंजन तथा छत में बनाए गए स्पेशल तहखाने से कुल 1,305 बोतल शराब बरामद किया हैं। वही वाहन में मिले बिना सिम की एक एंड्राइड मोबाइल, मेमोरी कार्ड और एक पर्स से मिले दो आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड और एक पैन कार्ड के आधार पर तस्करों की पहचान का प्रयास कर रही हैं। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो नंबर (यूपी 16 ए एन 0309) चौगाईं गांव के गेट नंबर एक गांव में जा रही थी। लेकिन बाजार में रास्ता पतला था तथा तस्करों को पुलिस के होने का अंदेशा था। जिस कारण मस्जिद मोड़ के पास बीच सड़क पर गाड़ी छोड़कर भाग निकलें। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच तत्काल उस वाहन को जब्त कर तलाशी ली तो उसमें से विभिन्न जगहों पर बनाए गए तहखाने से कुल 1,305 बोतल शराब मिला।

### डरपोक है नीतीश तेजस्वी की जोड़ी: दीपक यादव

**डुमरांव।** भारतीय जनता पार्टी बिहार के विधानसभा मार्च कार्यक्रम में पुलिस की गिरफ्तारी से छूटने के बाद युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की भ्रष्ट, क्रूर और निरंकुश सरकार के खिलाफ बिहार में बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार अफसरशाही एवं शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा के साथ-साथ डोमिसाइल कानून लागू करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा विधानसभा मार्च का आयोजन किया गया था। इस दौरान नीतीश के पुलिसिया गुंडे भाजपा कार्यकताओं के साथ अपराधियों वाला बर्ताव करते नजर आए। यहां तक की भाजपा के कार्यकर्ता की हत्या तक कर दी है। इससे यह स्पष्ट है कि बिहार में गुंडे और अपराधियों की सरकार हैं। जिसका उपमुख्यमंत्री खुद चार्जशीटेड हो उससे और कुछ अपेक्षा भी नहीं की जा सकती हैं। नीतीश कुमार सजायाफ्ता लालू यादव की गोद में बैठ कर राजनीति कर रहे हैं जिसका बुरा परिणाम उन्हें बहुत जल्द मिलेगा। दीपक ने कहा कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री दोनों डरपोक हैं तथा भाजपा के सड़क पर उतरते ही उनका डर साफ दिखाई पड़ रहा है।

## एक साल बाद भी मुख्य सचिव के कार्यालय नहीं पहुंचा तीन ईओ पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा का प्रतिवेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक साल पहले रोहतास डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने तीन ईओ पर वित्तीय अनियमितता, गबन तथा अनुपयोगी वस्तुओं का खरीद के आरोप में जांचोपरांत विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा नगर आवास एवं विकास विभाग के सचिव को प्रतिवेदन भेज दी थी। तब उन्होंने राज्य सरकार के मुख्य सचिव के पास भी अनुशंसा की प्रतिलिपि भेजी थी। लेकिन एक साल बाद भी मुख्य सचिव के कार्यालय में अनुशंसा प्रतिवेदन नहीं पहुंचा हैं या फिर पहुंचने के बाद उसे गायब कर दिया गया हैं। इसका खुलासा बक्सर के आरटीआई कार्यकर्ता व उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि आकाश कुमार सिंह उर्फ रामजी सिंह के आरटीआई से हुआ हैं। बता दें कि रामजी सिंह ने सूचना के अधिकार अधिनियिम के तहत मुख्य सचिव के कार्यालय से रोहतास के तीनों ईओ पर डीएम के अनुशंसा के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में सूचना मांगी थी। राज्य लोक सूचना पदाधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा जबाव देते हुए बताया गया हैं कि रोहतास डीएम के अनुशंसा प्रतिवेदन की प्रतिलिपि उनके कार्यालय में अप्राप्त हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि एक साल में क्या यह प्रतिवेदन मुख्य सचिव के कार्यालय में पहुंचा ही नहीं या फिर जानबूझकर उसे गायब तो नहीं कर दिया गया। बता दें कि डीएम ने जिन तीन ईओ पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की थी उनमें बिक्रमगंज की तत्कालीन ईओ प्रेम स्वरूपम वर्तमान में बक्सर नगर परिषद की ईओ हैं।

**क्या है मामला:** पिछ्ले साल रोहतास डीएम ने विभागीय जांच के तहत बिक्रमगंज नगर परिषद की तत्कालीन ईओ प्रेम स्वरूपम, डिहरी डालमियानगर नगर परिषद के तत्कालीन ईओ कुमार ऋत्विक तथा नोखा नगर परिषद के तत्कालीन ईओ अमित कुमार पर अनियमितता बरतने, गबन करने तथा अनुपयोगी वस्तुओं की खरीद कर सरकारी राशि के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए उनपर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की थी। डीएम ने यह अनुशंसा पत्रांक 1843 दिनांक 7 जून 2020, पत्रांक 3144 दिनांक 1 सितंबर 2022 तथा पत्रांक 3379 दिनांक 22 सितंबर 2022 द्वारा की थी। इधर डीएम के अनुशंसा को चुनौती देते हुए तीनों पदाधिकारियों द्वारा पटना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। तब डीएम ने पत्रांक 3827 दिनांक 4 नवंबर 2022 को पत्र लिख मुख्य सचिव कार्यालय से तीनों अधिकारियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी थी। लेकिन उन्हें भी कुछ जबाव नहीं मिला। ऐसे में पूरे प्रकरण में मैनेज के खेल से भी इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

### डुमरांव में पंजाब मेल ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**डुमरांव।** दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गेट संख्या 67 ए के समीप गुरुवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना अप मेन लाइन में सुबह करीब छह बजे पोल संख्या 645/7-9 के बीच की है। मृतक लाठी के सहारे रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान 13005 अप हावड़ा-अमृतसर मेल की चपेट में आ गया, जिससे उसका दायां हाथ कटकर अलग हो गया। मृतक के पास से मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी थाना क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी स्व चंद्रिका राम के 63 वर्षीय पुत्र गरीबा मुसहर के रूप में हुई है।

## डुमरांव स्टेशन पर बंदरों का आतंक महिला यात्री को काट किया लहूलुहान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय डुमरांव रेलवे स्टेशन पर इन दिनों पाकेटमारों के साथ ही बंदरों का आतंक भी काफी बढ़ गया हैं। एक तरफ जहां पाकेटमार यात्रियों की पाकिटमारी कर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्पाती बंदर यात्रियों के सामान लेकर भाग जा रहे हैं और उन्हें काट जख्मी भी कर रहे हैं।

गुरुवार की सुबह भी ट्रेन पकड़ने आई एक महिला यात्री को बंदर ने काट लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद यात्रियों के सहयोग से स्थानीय एक निजी अस्पताल में महिला यात्री का इलाज करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला यात्री के हाथ पर बंदर के दांत के गहरे जख्म हो गए थे। जिस कारण टांके भी लगाने पड़े। महिला यात्री बनाही की रहने वाली थी, जो किसी काम से डुमरांव आई थी। सुबह में वह वापस बनाही जाने के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन आई थी। स्टेशन पर बैठ ट्रेन का इंतजार कर रही थी, इसी दौरान एक बंदर उसके हाथ से झोला छिनने का प्रयास किया और महिला द्वारा झोला खींचने से नाराज हो उसे काट लिया। स्थानीय लोगों की माने तो न सिर्फ रेलवे स्टेशन बल्कि आसपास के मोहल्लों में भी बंदरों का आतंक चरम पर है।

## प्रखंड कार्यालय पीएचईडी के पानी टंकी का मोटर पांच दिनों से जला, बेखबर है विभाग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पीएचईडी के जलमीनार का मोटर पिछले चार पांच दिनों से जल गया हैं। जिस कारण इस जलमीनार से जुड़े लोगों को इस भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा हैं। लोगों का कहाना है कि कि पिछलें पांच दिनों से इसमें तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित थी। जबकि बुधवार से पूरी तरह से ठप हो गया हैं। बता दें कि पीएचईडी विभाग का यह जलमीनार डुमरांव का पहला पानी टंकी है। जिससे पहले पूरे शहर में आपूर्ति होती थी। फिलवक्त इससे वार्ड 17 और वार्ड 18 के लालगंज



कड़वी तथा खिरौली के अलावे स्टेशन रोड के किनारे आपूर्ति दी जा रही हैं। बता दें कि इसके पहले इसके जर्जर पाईपों के कारण भी लोग अक्सर गंदे पानी की आपूर्ति होने की बात कहते हैं। खिरौली के अंशुमन चौबे, रामनाथ चौबे, बालकृष्ण चौबे, कृष्ण कुमार ओझा, गणेश राय, कौशल चौबे, पूर्व पार्षद जगनारायण राय, लालगंज कड़वी के सामाजिक कार्यकर्ता अमरेन्द्र तिवारी, सुनील गुप्ता, शंकर साह, संजय गुप्ता, सूरज प्रसाद गुप्ता, हजारी राय आदि ने बताया कि पिछलें पांच दिनों से आपूर्ति बाधित होने से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों ने बताया कि इसके अलावे इस जलमीनार से अक्सर गंदे पानी की सप्लाई होती है। इस संबंध में विभागीय जेई ने बताया कि बुधवार को पानी टंकी का मोटर जल गया है। इसकी मरम्मत करवाई जा रही है। जल्द ही आपूर्ति दुरुस्त करा ली जाएगी।




## श्रावण विशेष : शिव से शक्ति के मिलन का महीना है सावन

**पंकज भारद्वाज**



हिंदू पंचांग का पांचवां महीना सावन भगवान शिव को बेहद प्रिय है। बड़ा पुराना नाता है आदिदेव शिव और सावन का। उतना ही जितना शक्ति से शिव का मिलन। अब सावन यूं ही नहीं प्रिय है शिव को। इसके पीछे पूरी वजह है। कहते हैं राजा हिमाचल के घर पार्वती के रूप में पैदा हुई सती ने शिव को पाने के लिए इसी महीने में कठोर तप किया था। इसी महीने शिव का शक्ति से मिलन हुआ था। धार्मिक मान्यता है कि सावन में ही भगवान शिव माता पार्वती के साथ ब्याह के बाद पहली बार धरती पर स्थित ससुराल आए थे। तब उनके पांव पखारे गए। जलाभिषेक कर स्वागत किया गया। शिव खूब खुश हुए। यही परंपरा आज भी सावन में दिखती है। जीव शिव का जलाभिषेक करता है। उनकी पूजा-अर्चना करता है। इधर, दूसरी कथा के मुताबिक सावन में ही समुद्र मंथन हुआ था। इस दौरान निकला हलाहल (विष) सृष्टि के लिए संकट बन गया। इसका क्या हो! इसे कौन पीए! तब जगत कल्याण के निमित्त शिव ने हलाहल को अपने कंठ में धारण किया और जगदीश हो गए-मान सहित विष पी के शंभू भए जगदीश। विष के चलते उनका कंठ नीला पड़ गया। तभी नाम पड़ा नीलकंठ। वहीं विष के प्रभाव से उपजे ताप का शमन करने के लिए



देवताओं ने उनका जलाभिषेक किया। देवराज इंद्र ने घनघोर वर्षा की। आज भी ऐसा ही कुछ दिखता है सावन में। खूब बारिश होती है और लोग शिवलिंगों का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक आज भी हर साल शिव सावन में माता पार्वती के साथ अपने ससुराल यानी पृथ्वी पर आते हैं। यही वजह है कि लोग इस महीने में उनकी विशेष आराधना करते हैं। सावन और शिव का संबंध पुरातन है। वैसे भी सावन धरती का ताप हरता है और शिव संताप। शिव जगत कल्याण के देवता हैं। शायद इसीलिए जगत पालक भगवान विष्णु जब आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी को चार माह की निद्रा में चले जाते हैं, तो सृष्टि का सारा कार्य भार आदिदेव के हवाले होता है। आषाढ़ के अगले महीने सावन में बाबा धरती पर आ जाते हैं और सारा दायित्व संभालते हैं। शिव अड़भंगी हैं। उन्हें सभी पूजते हैं। क्या देव, क्या दानव। सुर, नर, मुनि, गंधर्व, किन्नर-सभी। चट से प्रसन्न होने वाले शिव पट से किसी को भी कोई वरदान दे देते हैं। इसीलिए एक नाम भोलेनाथ भी है। खुश हुए तो किसी को भी कुछ भी दे दिया। राक्षसों को भी। भस्मासुर की कथा किसे नहीं मालूम। मतलब शिव सृष्टि के समस्त जीवों के देवता हैं। देवताओं के भी देवता। तभी देवाधिदेव महादेव कहा जाता है। वे किसी परिधि बंध में नहीं। पूजा भी ऐसी चीजों से जो सावन में भरपूर मिलती हैं और हर किसी को सहज उपलब्ध हो जाती हैं। सावन का दूसरा नाम हरियाली है। जेठ से तपी धरती का हिया सावन ही जुड़ाता है। ढूंठ भी हरा हो जाए, ऐसा असर है सावन का। इस महीने में हर तरफ फूल, पत्ते, हरियाली नजर आती है। शिव की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सारी सामग्रियां सहज उपलब्ध होती हैं। आखिर वे लोक देव जो हैं। जो किसी और देवता को नहीं चढ़ता, वह सब शिव पर अर्पित होता है। जल, बेल पत्र, धतूरा, दूब, मदार की माला वगैरह। सृष्टि के सबसे निर्धन जीव के लिए भी ये सारी चीजें सावन में तो और सहजता से उपलब्ध हैं।

सावन शिव और शक्ति की भक्ति का महीना है। प्रकारांतर से प्रेम की पराकाष्ठा ही तो भक्ति है। और शिव के यहां तो प्रेम का अदभुत दर्शन है। जातिगत स्वभाव से एक-दूसरे के जानी दुश्मन भी आपस में प्रेम करते हैं। शिव परिवार में प्रेम के इस अलौकिक स्वरूप का दर्शन साफ-साफ होता है। चूहा, सांप, मोर, बैल और बाघ सब एक साथ रहते हैं। कहें तो शिव सिर्फ और सिर्फ प्रेम के देवता हैं। शिव तत्व प्रेम प्रधान है। सती को शिव से प्रेम था। तभी तो उन्हें पाने के लिए उतना कठोर तप किया। और शिव को भी उनसे प्रेम रहा तभी तो उन्हें अर्द्धांगिनी बनाया। यह दोनों सावन में ही हुआ था। शायद इसीलिए सावन प्रेम का भी महीना है। प्रेमियों को इसका इंतजार रहता है। कहें तो सावन मिलन का महीना है। सिर्फ शिव से शक्ति के मिलन का नहीं, अपितु हर प्रेम करने वालों के मिलन का। हर जीव शिव और शक्ति का ही तो अंश है। शिव पुराण ही कहता है-शंकर: पुरुषा: सर्वे स्त्रिय: सर्वा महेश्वरी। यानी, सारे पुरुष शिव के अंश हैं और सारी स्त्रियां शिवा (शक्ति) की। लिहाजा, हर प्रेम करने वाले के मिलन का महीना है सावन। परदेसी पिया भी इस महीने गांव लौट आता है। धरती को बारिश की बूंदों से प्रेम है, वे आसमान की ऊंचाई से गिर उसकी आगोश में समा जाती हैं। इसके बाद जो हरियाली छाती है कि लताएं पेड़ों से मिलने को आतुर हो उठती हैं। खुशबू का हवाओं से मिलन होता है। ये सब एक-दूसरे से निश्छल प्रेम जो करते हैं। और प्रेम में लंबे विरह के बाद के मिलन की सुखानुभूति बस महसूस की जा सकती है। बयां नहीं की जा सकती। सृष्टि का हर जीव सावन में खुशियों से पग-सा जाता है। मस्त हो जाता है। हर तरफ आनंद छा जाता है। सब सुंदर-सुंदर हो जाता है। और यही सुंदर तो शिव है। जो सत्य है, वही शिव है और जो शिव है, वही तो सुंदर है। शायद इसलिए भी सावन शिव को प्यारा है।

CMYK

## खबरें फटाफट

### नहर में डूबकर युवक की मौत

**पकड़ी।** पकड़ी थाना क्षेत्र के अज्ञात परिस्थितियों में पूर रजवाहा (नहर) में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुँचे परिजन शव को लेकर घर आये और अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक पकड़ी थाना क्षेत्र के पूर गाँव निवासी श्रीनिवास ठठेरा 41 वर्ष पुत्र स्व.छेदी ठठेरा गुरुवार को दिन में करीब दो बजे खेजुरी के तरफ से पूर रजवाहा मार्ग से होते हुए अपने घर आ रहा था। वह ज्योंहि जगदरा गाँव से आगे पहुँचा तो अज्ञात परिस्थितिवश नहर में गिर कर डूबने लगा। रजवाहा मार्ग से आ रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने युवक को डूबते हुए देखा तो शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग जब तक मौके पर पहुंचकर उसे बाहर निकाला। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक की पहचान होने के बाद किसी ने उसके परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुँचे और युवक के शव को घर लेकर चले गए। मृतक के तीन पुत्रियां और दो पुत्र हैं।पत्नी पुष्पा का रोते रोते बुरा हाल है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि युवक की डूबने से मौत की सूचना मिली थी लेकिन परिजन पोस्टमार्टम नही करना चाहते थे।

### अलग-अलग स्थानों से पांच गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने क्षेत्र के अगल अगल स्थानों से विभिन्न मामलों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिन्हें संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। बताते चले कि एसपी एस आनन्द के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक आर0के0सिंह अपने टीम के साथ क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से पांच लोगों को विभिन्न मामलो में झगड़ा फशाद कर शांति भंग करने के आरोप को पकड़ा। जिन्हें 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही करते हुए न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### नकली दवा बेचे जाने की शिकायत पर छापेमारी

**बलिया।** बांसडीह कस्बे में संचालित एक मेडिकल स्टोर से नकली दवा बेचे जाने की शिकायत पर औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ल ने छापेमारी की। इस दौरान दवाओं और कागजातों की जांच की और चार अलग-अलग दवाओं के नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। उन्होंने बताया शिकायत मिली थी कि बांसडीह कस्बे में संचालित एक मेडिकल से नकली दवाएं बेची जा रही है। जिसपर पर सम्बंधित मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को छापेमारी की गई। मेडिकल स्टोर पर दवाओं और कागजातों आदि की जांच गयी। इस दौरान अलग-अलग दवाओं के चार नमूने लिए।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

# कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पात्र व अपात्र की सूची बना अपलोड करें : डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**



बेटी बचाओ/बेटी पढ़ाओ, देश में साक्षरता को बढ़ाओ के संबंध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के संबंध में समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समस्त सीएचसी/पीएचसी के अस्पतालों में बच्चियों के पैदा होते ही टीकाकरण एवं पंजीकरण कर यह भी सुनिश्चित कर लें की कन्या सुमंगला योजना के पात्र है अथवा अपात्र। यदि अपात्र है तो आवेदन फार्म के कॉलम में उसका स्पष्टीकरण होना चाहिए और उसके बाद सूची तैयार कर अपलोड किया जाना चाहिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि अपने-अपने विद्यालय के पात्र व अपात्र छात्राओं का फार्म भरवाकर सूची तैयार कराने का निर्देश दिए। साथ ही जिले में जितने डिग्री कॉलेज हैं उसका चिन्हांकन कराया जाय और उसका रिपोर्ट पूर्ण कर अपलोड कराए। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि अगर महिला पुलिस का सहयोग लेना चाहते है तो उसके लिए पहले थाने पर सूचित करें, ताकि पूरा सहयोग किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र व अपात्र छात्राओं की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास उपलब्ध होना अनिवार्य है। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो मुमताज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गाजीपुर डीएम की अध्यक्षता में 37 बिंदु पर विकास कार्यों की समीक्षा

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण 37 बिन्दु मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार मे हुई। उन्होंने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के विभागीय कार्य में लापरवाही पाये जाने पर स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय उपस्थित रहेंगे तथा आईजीआरएस पोर्टल को चेक करने के साथ-साथ आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। आवास, शौचालय, वृद्धा पेशन, राशन कार्ड से संबंधित पात्र को सही ढंग से चिन्हित किया जाए। ताकि कोई छूटने न पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने लक्ष्य को हर माह पूर्ण करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण एवं सहभागिता योजना में पात्र लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस प्रकरण में उन्होंने शिकायत पत्रों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति से परेशान छात्र नेताओं ने किया घेराव

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के रामपुर विद्युत वितरण खंड द्वितीय कार्यालय पर छात्रनेता व सामाजिक कार्यकर्ता रिपुन्जय रमण पाठक रानू के आह्वान का घेराव कर विभागीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने 3 सूत्रीय मांगपत्र सौप बदहाल विद्युत आपूर्ति में सुधार की चेतावनी दें है। बीते एक माह से शहर एवं ग्रामीण अंचलों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गयी है। ग्रामीण क्षेत्र में 3-4 घंटे बिजली दी जा रही है। वही शहर में 10-12 घंटे आपूर्ति दी जा रही है। सुधार ना होता देख उपभोक्ता व छात्र रानू पाठक के नेतृत्व में रामपुर कार्यालय पहुंचे। जहां कार्यालय पर पहुंचने के बाद अधिशासी अभियंता नदारद दिखे। इस दौरान छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। रानू पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आपूर्ति सुचार रुप से नहीं शुरू हुई तो आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर अमित कुमार सिंह, जुबेर खान सोनू, सूरज यादव, विकास कुमार विक्की, बबलू यादव, अवनीश पांडेय अनंत, अमित यादव, मोहित गुप्ता, विवेक पांडेय, रंजीत चौहान, अभिषेक सिंह, अजीत गुप्ता, अकबर अली व अन्य शामिल रहे।

## बिजली गिरने से चार महिला समेत पांच की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर जनपद में बृहस्पतिवार की शाम तेज हवा के साथ हुई बरसात के बीच आकाशीय बिजली गिरने से करीमुद्दीनपुर, बरेसर और मुहम्?मदाबाद थाना क्षेत्रों में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब आठ लोग घायल हो गए हैं। एसडीएम कासिमाबाद ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बरेसर थाना क्षेत्र के मांटा गांव के दो, चकदरिया के एक और पहाड़पुर तौकीर गांव में एक लोग की मौत हो गई और कई लोग जख्मी हो गए हैं।

मांटा गांव में देर शाम लोग धान की रोपाई कर रहे थे। तभी बरसात शुरू हो गई, पानी से बचने के लिए सारे मजदूर पंपिंग सेट की झोपड़ी में छिप गए। तभी आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिर गई। जिससे मांटा गांव निवासी गीतांजलि उर्फ गीता (45) पत्नी नरायण राजभर और रीना पत्नी अखिलेश राजभर की मौत हो गई और तेजन पुत्र खेदन, अलगू शर्मा पुत्र गोपाली, बिगनी पत्नी स्व. महेंद्र राजभर, ज्योति पुत्र टुनटुन राजभर, प्रतिभा पुत्री राजमनारायण राजभर, प्रियंका पुत्र सुदामा राजभर झुलस गए। इसी क्रम में भदेसर थाना क्षेत्र के चकदरिया ग्राम ब्लाक बाराचंवर के रमीता देवी पत्नी शिवकुमार राजभर उम्र 40 वर्ष की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

बरेरसर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर तौकीर गांव में शत्रुध्न पुत्र जुगनू बिंद उम्र 21 वर्ष की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र भदेसर गांव में आज शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरिता देवी पत्नी स्व. चतुरी राम 48 वर्ष जो शाम खेत में गई हुई थी, तभी बारिश होने लगी और वह बरसात से बचने के लिए पिपल के पेंड़ के नीचे खड़ी हो गई, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के गंदप्पा गांव में खेत में मिर्चा तोड़ रहे भाई-बहन संदीप पुत्र विनोद, प्रतिज्ञा पुत्री विनोद आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घायल हो गए।

## एक नजर

### राजकीय पशु चिकित्सालय के खुलने और बंद होने का समय तय नहीं, लोगों में आक्रोश

**गाजीपुर।** ताड़ीघाट स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात कर्मचारी की लापरवाही के चलते इसके खुलने एवं बंद होने का कोई समय निर्धारित नहीं है।जब मन चाहा खोला, जब मन किया तब बंदकर दिया जाता है। अस्पताल पर पूरे दिन तक ताला लटकता रहा। पशु अस्पताल बंद पाए जाने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीवीओ ने वहां तैनात एकमात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नोटिस जारी कर अगले आदेश तक वेतन जारी करने पर रोक लगा दिया।जिसके चलते महकमें में हडकंप मचा हुआ है। जबकि अस्पताल सुबह आठ बजे खुलने व दोपहर ढाई बजे बंद होने का समय निर्धारित है। विभाग की इसी उदासीनता के चलते पशुपालकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में लोग पशुओं के इलाज के लिए झोलाछाप चिकित्सकों के यहाँ चक्कर लगा रहे है। उनका जमकर आर्थिक शोषण किया जाता है। महकमें के अनुसार वहाँ तैनात चिकित्सक का अन्यत्र स्थानांतरण हो गए। जबकि फार्मासिस्ट के रिटायर होने से पद रिक्त चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व में भी यह अस्पताल कभी समय से नहीं खुलता था। लगभग दो दशक पहले लाखों की लागत से पशुचिकित्सालये के भवन की नींव इस उद्देश्य से पडी कि पशुपालकों को उनकें पशुओं का बेहतर एवं समय पर इलाज हो सकेगा। इसका आज तक समुचित लाभ नहीं मिल सका।पशुपालकों ने आरोप लगाया कि चिकित्सालये पर किसी कर्मी का नंबर भी अंकित नहीं है कि संपर्क किया जा सके। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर शिवकुमार रावत ने बताया कि अस्पताल बंद होने की सूचना सही पाई गई है। यहां तैनात एकमात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नोटिस जारी कर वेतन जारी करने पर रोक लगा दी गई है।

### बीएसए की बड़ी कार्रवाई, 93 अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों का कटा वेतन

**बलिया।** नवागत बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 93 अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों का वेतन काटा है। कार्रवाई की वजह विद्यालय में अनुपस्थित पाया जाना, अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों की अवहेलना बताया गया है। बताते चलें कि बीएसए मनीष कुमार सिंह ने कहा है कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक का अपने विद्यालय से अनुपस्थित पाया जाना, उनकी अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों की अवहेलना है।

### जेएनसीयू में कुलपति के नेतृत्व में हुआ पौधरोपण



**बलिया।** पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता के प्रसार के लिए जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वृक्षों से हमें स्वच्छ प्राण वायु प्राप्त होती है, पर्यावरण सन्तुलित होता है और जीवन निरोग होता है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के संरक्षण के लिए कुछ वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष को सौ पुत्र के समान माना गया है। पृथ्वी पर जीवन के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है। प्राकृतिक सन्तुलन के लिए वृक्षारोपण जरुरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की सौंदर्यीकरण समिति द्वारा किया गया। माननीय कुलपति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय परिसर में फॉक्सटेल पॉम, कामिनी, फाइकस सहित अन्य पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक शिक्षक ने एक पौधे का रोपण किया और उनकी देखभाल करने का प्रण लिया।

## नौ सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत जिला जज ने जागरुकता वाहन किया रवाना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश पर 9 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा आमजन को इसकी जानकारी एवं विधिक सेवा/सहायता कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वप्न आनन्द प्रभारी सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि 09.09.2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद व ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।




### मऊ के जिलाधिकारी ने हकीकतपुरा में निमार्णाधीन सद्भाव मंडप का किया निरीक्षण

# कार्य में अनियमितता बरतने पर जेई को फटकार

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गुरुवार को हकीकतपुरा में निमार्णाधीन सद्भाव मंडप का निरीक्षण किया। इस परियोजना की लागत 2 करोड़ 34 लाख रुपए है। इस परियोजना का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (पैकफेड) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना पर 2 मई 2020 से कार्य प्रारंभ हुआ था,परंतु कोरोना काल एवं धन अभाव के कारण अभी तक इस परियोजना की कुल भौतिक प्रगति मात्र 35% ही हो पाई है।

निमार्णाधीन सद्भाव मंडप के निरीक्षण के दौरान जे.ई. द्वारा परियोजना से संबंधित जानकारियों को ठीक ढंग से न बता पाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त निर्माण कार्य के दौरान नियमित निरीक्षण करने के निर्देश जेई को दिए। बाउंड्री वाल हेतु चिन्हित जमीन से कम क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था से छोड़ी गई भूमि का मूल्यांकन कर निर्माण में की गई कमी के संबंध में रिकवरी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना के गलियारों की माप भी निर्धारित पैमानों से कम पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्मित बाउंड्री वाल को ठेकेदार के स्वयं के खर्चे पर गिराने एवं चिन्हित एवं पूर्व में अनुमोदित भूमि की डिजाइन एवं माप के अनुसार बाउंड्री वॉल का पुनः निर्माण कराने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए। अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी।

इस दौरान उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की भी जांच की तथा ईंट के मूल्य की जांच हेतु संबंधित भट्टे से संपर्क कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश नायब तहसीलदार सदर को दिए। हाईवे के पास स्थित सरकारी भूमि के महत्व एवं उन पर अतिक्रमण की आशंका के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार सदर को क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य लेखपालों की टीम बनाकर निमार्णाधीन परियोजना एवं हाईवे के आसपास समस्त सरकारी भूमि का सीमांकन करने एवं अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।